# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः12.05.2025

**थाना अहरौरा पुलिस द्वारा बदमाश/शातिर दो गो-तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 25 राशि गोवंश, दो अवैध तमंचा व कारतूस बरामद—**

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

मीरजापुर पुलिस द्वारा लगातार गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः12.05.2025 को थाना अहरौरा पुलिस द्वारा खोरिया जंगल मोहाल में दौराने पुलिस मुठभेड़ में अशोक कुमार राजभर पुत्र शिवनाथ राय निवासी रामगढ़ थाना चैनपुर जनपद भभुआ बिहार व मनोज कुमार यादव पुत्र घूरे यादव निवासी मीरापुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिसमे अशोक कुमार राजभर के बाये पैर में मनोज कुमार यादव उपरोक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। मौके से दोनों अभियुक्त अशोक कुमार राजभर व मनोज कुमार यादव के कब्जे से 25 राशि गोवंश तथा दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा व 04 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण —**

1.अशोक कुमार राजभर पुत्र शिवनाथ राय निवासी रामगढ़ थाना चैनपुर जनपद भभुआ बिहार उम्र करीब-30 वर्ष

2. मनोज कुमार यादव पुत्र घूरे यादव निवासी मीरापुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर उम्र करीब-45 वर्ष

**विवरण बरामदगी —**

25 राशि गोवंश, दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा व 04 अदद जिन्दा कारतूस।

**घटना स्थल/गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक—**

ग्राम खोरिया जंगल मोहाल के पास, आज दिनांकः 12.05.2025 को समय करीब-02.03 बजे।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —**

प्रभारी निरीक्षक- अजय कुमार सेठ मय पुलिस टीम।

उ0नि0 महेन्द्र- थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर
मुख्य आरक्षी-नरेन्द्र,शशि,आशीष राय,चन्दन थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर
आरक्षी- सतीश,अजय मौर्या थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर



